हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 अगस्त 2025

06 हिंदू समाज की रक्षा व संगठन ही परिषद का उद्देश्य



07 सामूहिक आयोजन में ध्वजारोहण उपरांत ...





## खबर संक्षेप

### सांसद निधि से 2 निर्माण कार्य की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** राज्य सभा सांसद से प्राप्त प्रस्ताव पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 02 निर्माण कार्यो के लिए 02 लाख 98 हजार 875 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। राज्य सभा सांसद माया नारोलिया से प्राप्त प्रस्ताव पर सांसद निधि से ज्ञानमुद्रा इंग्लिश मीडियम स्कूल नर्मदापुरम में फर्नीचर 40 सेट प्रदाय करने के लिए 01 लाख 64 हजार 375 रूपये एवं ज्ञानमुद्रा इंग्लिश मीडियम स्कूल नर्मदापुरम में ही 05 कम्प्यूटर सेट प्रदाय करने के लिए 01 लाख 34 हजार 500 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### विधायक ने की दो कार्यो की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक ठाकुर दास नागवंशी की अनुशंसा पर ग्राम पंचायत हथवास ज.पं. पिपरिया के हरदौल वार्ड में कृष्णा बाई अहिरवार के मकान से नीरज मालवी के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण के लिए 1 लाख 6 हजार रूपये एवं ग्राम पंचायत बनवारी के ग्राम बनवारी में मेन रोड रघुवंशी कालोनी से केशल सिंह रघुवंशी के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण के लिए 02 लाख 97 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### घटना में घायल हुए 7 लोग, इलाज जारी

# दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट पुलिस थाने में दोनों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 16 अगस्त को मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गाय का गोबर दीवार पर चिपकने की बात पर दो परिवारों में झगड़ा हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों ने लाठी-डंडों, धारदार हथियार और पत्थरों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। संघर्ष में कुल 7 लोग घायल हुए, जिन्हें पचमढ़ी सिविल अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल चंद्रप्रकाश मालवी ने बताया कि वे अपनी जिप्सी लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान नालंदा टोला क्षेत्र में मंसूर अली के घर के सामने सड़क पर पड़े गोबर पर उनकी गाड़ी का टायर चढ़ गया। गोबर दीवार पर चिपक गया, जिस पर मंसूर अली ने आपत्ति जताई। विवाद बढ़ा तो दोनों परिवार भिड़ गए।

पचमढ़ी में मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। गाय का गोबर दीवार पर चिपकने की बात पर दो परिवारों में झगड़ा हुआ जिसमें करीब 7 लोग घायल हो गये जिनका इलाज जारी है।



#### बुजुर्ग पर भी हुए हमले

झगड़े के दौरान चंद्रप्रकाश पर हमला किया गया। बचाव में आए उनके भाई घनश्याम, धीरेन्द्र और बुजुर्ग माता-पिता काशीराम व शांति बाई को भी चोटें आईं। संघर्ष में एक पक्ष के 5 और दूसरे पक्ष के 2 लोग घायल हुए।

#### हथियारों से किया हमला


घायल पक्ष से घनश्याम द्वारा बताया गया कि मंसूर अली परिवार के घर पर गोबर उछलने से मामले की शुरुआत हुई। महिला ने घर से निकलकर मेरे छोटे भाई मालवीय पर झाड़ू से हमला करना शुरू कर दिया उसके बाद एकाएक परिवार के सदस्यों ने आकर हम पर लाठी डंडे से हमला करना शुरू कर दिया। मैंने देखा कि एक शख्स के हाथ में चापड़ भी था। किसी अन्य ने उसके हाथ से उसे छीन लिया था। परिवार के सदस्य काफी घायल है। नर्मदापुरम जिला अस्पताल में भाई का सीटी स्कैन कराया गया है। मोहल्ले के अन्य लोगों ने मारपीट के वक्त बीच बचाव किया लेकिन उसके बावजूद हमारे साथ मारपीट की गई है। मेरे परिवार के सदस्य पचमढ़ी थाने में बंद है कुछ घायल भी हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं घटना में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस विवाद की असली वजह की जांच में जुट गई है। हालाकि इस घटना में पुलिस को दो अलग अलग बयान दिये गये हैं। पुलिस द्वारा मौके पर जाकर भी जांच की जाएगा।

#### घटना में 7 लोग हुए घायल

पचमढ़ी थाना प्रभारी अनूप कुमार ऊईके ने बताया कि घटना में 7 लोग घायल हुए हैं। घनश्याम मालवी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मंसूर अली, बानो बी, महफूज अली, आसिफ अली, रफीक, इरफान और जफर के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं, मंसूर अली की रिपोर्ट पर धीरेन्द्र मालवीय, घनश्याम मालवीय और चंद्रप्रकाश मालवीय पर भी केस दर्ज किया गया है।

## इंदौर से कटनी के लिए निकली अर्चना अब भी लापता

### 10 दिनों से ढूंढ रही पुलिस जल्द करेगी मामले का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इंदौर में रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही 29 वर्षीय अर्चना तिवारी 7 अगस्त से लापता हैं। घटना के 10 दिन बाद भी अर्चना का कोई सुराग नहीं लग सका है। वह इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस के बी-3 कोच में कटनी जा रही थीं।

अर्चना का बैग उमरिया स्टेशन से बरामद हुआ है। भोपाल जीआरपी डीएसपी राम स्नेह चौहान ने बताया है कि अर्चना की आखिरी लोकेशन इटारसी में मिली है। वहां उनके मोबाइल का नेट कुछ सेकेंड के लिए चालू हुआ था। इस दौरान नेट कॉलिंग से बातचीत होने की जानकारी सामने आई है। रविवार को जीआरपी, पुलिस और वन विभाग के कर्मचारी बुधनी और बरखेड़ा के जंगल में अर्चना की तलाश कर रहे हैं। अर्चना के दोनों भाइयों ने जीआरपी थाने और इटारसी रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। विगत दिनों अर्चना के बड़े भाई अभय तिवारी अपने छोटे भाई और एक परिजन के साथ इटारसी पहुंचे थे।

उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में दो से तीन घंटे तक फुटेज देखे। जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे ने बताया कि नर्मदापुरम, पवारखेड़ा और इटारसी के कैमरे की जांच की गई है। जीआरपी ने करीब 97 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए हैं। पुलिस इस मामले में जल्द बड़ा खुलासा करने की बात कह रही है।

## जिले में अब तक 959.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 1 जून से अब तक 959.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 914.5 मिमी औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 16 अगस्त से 17 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.6 मिमी, सिवनीमालवा में 19.0 मिमी, इटारसी में 22.6 मिमी, माखननगर में 2.0 मिमी, सोहागपुर में 3.0 मिमी, पिपरिया में 3.4 मिमी, बनखेड़ी में 6.4 मिमी, पचमढ़ी में 1.2 एवं तहसील डोलरिया 7.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 938.70 फीट है, तवा जलाशय का 1162.10 फीट है, बरगी जलाशय का 420.10 मीटर एवं बारना जलाशय 347.50 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने किया स्टेट आईकॉन सारिका घारू को जनजागरूकता के लिए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने स्टेट आईकॉन सारिका घारू को प्रभावशाली जनजागरूकता गतिविधियों के लिए सम्मानित किया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सारिका को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान इंटीग्रेटेड पोंलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंचायत उपनिर्वाचन में प्रभावशाली जनजागरूकता गतिविधियों के लिए दिया गया। इस अवसर पर आयोग के सचिव अभिषेक सिंह, अवर सचिव डॉ. सुते शाक्य, अवर सचिव संजू कुमारी, प्रियंका त्रिपाठी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सारिका ने मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के पेपरलेस इलेक्शन नवाचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए फ्लैश मॉब, पपेट शो, लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से गतिविधियां कीं। राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव और आयोग के सचिव अभिषेक सिंह के निर्देशानुसार सारिका इस वर्ष के अंत में होने वाले पेपरलेस पंचायत उपचुनावों के लिए निरंतर जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं।



## नर्मदापुर युवा मंडल ने स्वतंत्रता दिवस के मौक़े पर किया शहर के वरिष्ठजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा नेहरू पार्क में प्रति रविवार फन म्यूजिक मस्ती के लिए आयोजित होने वाले सुरीला नर्मदापुरम संगीत कार्यक्रम इस रविवार को स्वतंत्रता दिवस पर आधारित रहा। सभी गायक कलाकारों ने देश भक्ति के गीत गाकर वातावरण देशभक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि रविवार को सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। सभी वरिष्ठजनों तिलक लगाकर एवं पीले दुपट्टा डालकर पुष्पवर्षा से सम्मान किया गया। शहर के 50 से अधिक वरिष्ठ जनों का इस दौरान सम्मान किया गया। नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत सहित नर्मदापुर युवा मंडल के पदाधिकारीयों ने सभी वरिष्ठजनों का सम्मान किया। सम्मान के बाद नेहरू पार्क में रविवार शाम को वरिष्ठजनों ने भी देश भक्ति के गीत गाए। तो वहीं अन्य वरिष्ठों ने कविताभी सुनाई।



## नर्मदा कॉलेज में जन्माष्टमी पर व्याख्यान माला व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में हिन्दी विभाग द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर व्याख्यानमाला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए । कार्यक्रम का आरंभ राधा-कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भक्ति भाव पूर्वक राधा-कृष्ण का पूजन किया। छात्रा किरण परिहार और शिवांशु मिश्रा ने श्री कृष्ण के जीवन प्रसंगों पर वक्तव्य दिए। विद्यार्थी अक्षत विश्वकर्मा, यश दुबे, जतिन सैनी, और आशु शर्मा ने संगीतमय भजन प्रस्तुतियां दीं जबकि वैष्णवी मांझी और प्रिया साहू ने राधा के वेश में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मुग्ध कर दिया । डॉ. भारती सेवतिया के दो वर्ष के पुत्र की बाल कृष्ण छवि ने कार्यक्रम को जीवंत बनाया। इस अवसर पर डॉ. रवि उपाध्याय ने श्री कृष्ण के संदर्भ में ऐतिहासिक तथ्यों की शोध परक जानकारी दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केजी. मिश्र ने कृष्ण चरित्र के महत्व को समसामयिक संदर्भों में व्याख्यायित किया। डॉ. कल्पना विश्वास ने भक्ति भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. कमल वाधवा ने कृष्ण के जीवन प्रसंगों एवं गीता के उपदेशों को वर्तमान जीवन से जोड़कर विश्लेषित किया । इस अवसर पर डॉ. अमिता जोशी, डॉ. इरा वर्मा, डॉ. बी. एस आर्य, डॉ. जे. के. कमलपुरिया, डॉ. एन.आर. अडलक, डॉ. धर्मेंद्र कोरी आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## रेडी टू यूज़, डामर मिक्सचर से भरे रेलवे स्टेशन-हाईवे मार्ग के गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

14 अगस्त को शहर में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। नागरिकों के अनुसार अच्छा हुआ जो यात्रा कॉलेज से रवाना हुई। जिसके चलते कॉलेज के सामने से गुजरती रेलवे स्टेशन-हाईवे रोड के गड्ढों का पुराव लोक निर्माण विभाग ने किया। यद्यपि नागरिकों ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने रेडी टू यूज़ डामर मिक्सचर से गड्ढे पूरे। और नगर परिषद ने रोड के जुड़ाव स्थल पर रेत डालकर आवाजाही सुधारी।

## धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी दूसरे दिन निकाली विशाल शोभायात्रा, शामिल हुई नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्वालटोली में भगवान श्रीकृष्ण की जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान ग्वाल समाज के घरों-घर अनेक कार्यक्रम हुए। जन्माष्टमी के दूसरे दिन काली मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए फिर से काली मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव शामिल हुई तथा उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की झांकी का पुष्पहार और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में महिला पुरूषों और बच्चों ने डीजे की धुन पर नृत्य किया। अखाड़ों ने जोरदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमुदाय को अचंभित कर दिया। ग्वाल समाज के नंदकिशोर चौधरी ने बताया कि शोभायात्रा में विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, बालचंद पटेल, धन्नालाल दीवान, मोहन यादव, पार्षद नरेंद्र पटेल, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, रजनी यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, सागर शिवहरे, लोकेश तिवारी आदि शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ आचार्य पं. सोमेश परसाई द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ग्वालसमाज द्वारा आचार्य पं. परसाई का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया गया।



## 25 वें चालीहा महोत्सव में पहुंचे विहिप पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिंधी समाज द्वारा आयोजित 25 वें चालीहा महोत्सव में पहुंचे जहां पर झूलण सेवा समिति द्वारा सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम वलेचानी परिवार के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें विहिप के नगर कार्यकारी अध्यक्ष महेश वलेचानी की महती भूमिका रही। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने भगवा शॉल ओढ़ाकर भगवान श्री झूलेलाल जी का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं भजन कीर्तन का आनंद देर रात तक लिया।

इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री चेतन राजपूत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप जी तिवारी,नगर उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसौरिया, संतोष शर्मा एवं नगर संयोजक संदीप यदुवंशी की उपस्थिति रही।

### डॉल्फिन अकैडमी बुधवाड़ा में हुआ आयोजन

## विवेक भदौरिया और सुनील मिश्रा की जोड़ी ने जीता डॉल्फिन बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

डॉल्फिन अकादमी में आयोजित डॉल्फिन कप में विवेक भदोरिया एवं सुनील मिश्रा की जोड़ी विजेता रही एवं उपविजेता डॉक्टर विवेक दुबे एवं डॉ अभिषेक जैन की जोड़ी रही। टूर्नामेंट प्रभारी आलोक राजपूत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 32 खिलाड़ियों 16 टीम ने हिस्सा लिया था। जिसमें विजेता को विजेता ट्राफी एवं उपविजेता ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। बैडमिंटन का यह आयोजन नर्मदापुरम में अपने आप में ही एक विशेष आयोजन रखा गया था, जो की 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में रखा गया था। आयोजन के मुख्य अतिथि शिक्षाविद पं. अरुण शर्मा, थाना प्रभारी सौरभ पांडे, डॉ. राजेश महेश्वरी , आलोक राजपूत एवं स्पोर्ट्स टीचर नर्मदा महाविद्यालय तरुण रावत की उपस्थित में किया गया।टूर्नामेंट में इटारसी और नर्मदा फॉर्म की टीम ने हिस्सा लिया डॉक्टर मैहर और अभिषेक जैन की जोड़ी सेमीफाइनल तक पहुंची टूर्नामेंट संयोजक सिद्धार्थ चौहान रोहित परसाई प्रिंस जैन, शुभम राजपूत संतोष राजपूत बॉबी चोरे सतीश मेहरा आकाश सक्सेना, चेतन आकरे यशवंत ,आकरे, जितेंद्र राजपूत कौस्तु पाठक नीरज केथवास आदि शामिल रहे।



### दवा पिलाने का पुत्र ने लगाया आरोप

**सोहागपुर।** थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम चीचली के एक निवासी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही फरियादी के पिता को रिपोर्ट में उल्लेखित आरोपी द्वारा दवा पिलाने से बुजुर्ग का स्वास्थ्य बिगड़ने का भी उल्लेख रिपोर्ट में शामिल है। पुलिस थाना सोहागपुर में दर्ज प्राथमिकी क्रमांक 480 के अनुसार घटना 16 अगस्त 2025 शाम पांच बजे की है। फरियादी 37 वर्षीय नारायण विश्वकर्मा पुत्र हरिशंकर विश्वकर्मा निवासी ग्राम चीचली ने दीपक धानक पुत्र दामोदर धानक निवासी ग्राम चीचली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट अनुसार 16 अगस्त को फरियादी के पिता हरिशंकर विश्वकर्मा सोहागपुर बाजार जा रहे थे, जिन्हें दीपक धानक ने कोई दवाई पिला दी। जिसके बाद हरिशंकर को इलाज के लिए सोहागपुर सरकारी अस्पताल लाया गया। रिपोर्ट अनुसार फरियादी पत्नी सहित 16 अगस्त की शाम बाइक से चीचली जा रहा था तो गांव के पास दीपक धानक ने गालीगलौज की।

## अहीर समाज ने धूमधाम से निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर में अहीर समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं द्वारा भगवा- श्रीकृष्ण जी की जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री विजयपाल सिंह जी की गरिमामय उपस्थिति रही व शोभा यात्रा में शामिल रहे। यह शोभा यात्रा अहीर मोहल्ला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्रीराम जानकी राधा-कृष्ण मन्दिर मंगलवारा बाजार माखन नगर पहुंची। जगह-जगह नगर के धर्मप्रेमी बंधुओं ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत सत्कार किया। शोभा यात्रा शामिल हुए सभी धर्मप्रेमी बंधुओं ने श्री कृष्ण जी आरती की और प्रसाद प्राप्त किया गया। इस सफल आयोजन के लिए अहीर समाज के बंधुओं ने शोभा यात्रा शामिल हुए सभी धर्मप्रेमी बंधुओं का हृदय की गहराई से बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### योग गुरु का जन्मदिन विजय भवन में मनाया



**शाहपुर।** लगभग 3 वर्षों से निशुल्क योग को प्रतिदिन कराने वाले योग गुरु संतोष राठौर का जन्मदिन योग समिति के सदस्यों ने मनाया। इस अवसर पर अंकुरित चना और मूंग का भी आहार समिति के सदस्यों को बांटा गया। सभी ने योग गुरु संतोष राठौर को स्वस्थ रहने और निशुल्क योग सिखाने के लिए आभार व्यक्त किया। सभी ने योग गुरु संतोष राठौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाईयां दी।

### पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बैतूल।** थाना कोतवाली पुलिस ने दो चोरी के प्रकरणों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी बलराम पिता प्रभुदयाल यादव (28 वर्ष) निवासी जैन दादावाड़ी के सामने बैतूल ने रिपोर्ट की कि 16 अगस्त की रात्रि में अज्ञात चोरों ने उसके घर का दरवाजा तोडक़र चोरी का प्रयास किया। जिस पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 64, 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं फरियादी सायबू पिता बलीराम खातरकर (65 वर्ष) निवासी वैष्णवी नगर गौठाना बैतूल ने रिपोर्ट की कि 16 अगस्त को ही रात्रि में अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र उसके घर से लैपटॉप एवं चांदी की पायल चोरी कर ली।

### यात्री बस बनी लगेज वाहन, हादसों की बढ़ी संभावना

# यात्री बसों में सवारी से अधिक ढोए जा रहे सामान, नहीं होती चैकिंग!




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

यात्री बसों में सवारी से ज्यादा सामान ढोया जा रहा है। बस के ऊपर क्षमता से अधिक सामान तिरपाल बांधकर आसानी से एक शहर और राज्य से दूसरे शहर जा रहा है। परिवहन विभाग के आंखों के सामने यह माल बसों में रखकर जा रहा है, लेकिन बसों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। दरअसल व्यापारी, बसों और ट्रेनों को अपने निजी मालवाहक बना चुके हैं। हर दिन बैतूल पहुंच रही बसों में यात्रियों से ज्यादा पार्सल भरे होते हैं और इनमें से ज्यादातर पर जीएसटी नहीं दिया जाता। परिणाम स्वरूप, सरकारी खजाने को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। बस मालिकों और कंडक्टरों को अतिरिक्त भुगतान देकर यह सामान सीटों के नीचे, डिक्की और ऊपर की रैक व छतों पर पैक कर दिया जाता है। यात्रियों के लिए रिजर्व की गई कुछ सीटों पर भी पैकेट रख दिए जाते हैं। इस गुपचुप व्यवस्था के चलते जीएसटी विभाग की नजरें इन पर नहीं पड़ पातीं क्योंकि सामान किसी ट्रांसपोर्ट रजिस्टर में दर्ज ही नहीं होता।

#### लगेज बुकिंग का मनमाना शुल्क

निजी परिचालक खुद के जोखिम पर इस तरह लगेज परिवहन करते रहते हैं। शुल्क भी पूरा वसूलते हैं। कई निजी बस ऑपरेटरों ने पार्सल की बुकिंग के लिए एजेंट तक नियुक्त कर रखे हैं। लगेज परिवहन की दरें भी वे तय करते हैं। शहर से इंदौर, नागपुर, भोपाल के बड़े शहरों के लिए जाने वाली अधिकतर बसें रात के समय संचालित होती हैं। रात के समय बस गंतव्य पर पहुंचने के बाद पार्सल उतार दिए जाते हैं। लगेज की निगरानी की जिम्मेदारी भी बस ऑपरेटरों या बुकिंग एजेंटों की ही रहती है। बस संचालकों को यात्रियों के किराए से ज्यादा सामान ले जाने में फायदा होता है, इसलिए वे खुलेआम सामान को बसों पर लाद कर लाते-ले जाते हैं।

#### ज्यादातर बसों में यात्री से ज्यादा सामान

लग्जरी बसों में सामान ढोया जा रहा है। सुबह शहर में जितनी बसें आ रही है या अन्य शहर जा रही है, उसमें 50 फीसदी बसों के ऊपर और डिग्गी में सामान भरा नजर आ जाएगा। सामान लगेज का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बस स्टैंड से लगेज ऑटो से बकायादा माल लाया और ले जाया जाता है। बस स्टैंड पर इसको लोड किया जाता है, ये बसें इन लोडेड सामान के साथ कई थाने और टोल नाकों से होकर गुजरती है, लेकिन कार्यवाही नहीं होती है। परिवहन विभाग के इसी लापरवाही रवैये के कारण यात्री बसों में लंबे समय से लगेज का परिहवन हो रहा है और उन पर कार्रवाही तक नहीं की जा रही है।

#### हादसे को दे रहे निमंत्रण

लगेज से ओवरलोड चलती निजी बस हर समय हादसे को निमंत्रण दे रही है, क्योंकि यात्रियों से खचाखच भरी होने एवं बस के छत पर क्षमता से ज्यादा लगेज लदा होने के कारण कई बार बस का संतुलन बिगड़ जाता है। इसके साथ ही बसों की छतों पर सामान रखे जाने से बसों की हाइट भी बढ़ जाती है। जिससे सामान के बिजली तारों से टकराने की संभावना रहता है। ऐसे में हाई वोल्ट लाइन से सामान टकराने से आग लगने का खतरा भी बना रहता है। वहीं लंबी दूरी की बसे ज्यादा स्पीड में चलती है। ऐसे में कई बार ज्यादा लगेज लदा होने से संतुलन बिगडऩे का भी डर रहता है और जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

#### नागपुर, इंदौर और भोपाल से मंगवा रहे माल

जीएसटी बचाने के चक्कर में दुकानदारों द्वारा बसों से सामान बुलाया जा रहा है। यह सामान नागपुर, इंदौर और भोपाल जैसे महानगरों से आ रहा है। रात्रि में जिले से निकलने वाली अंतरराज्यी बसों में भी बड़ी मात्रा में सामान भेजा जा रहा है। सुबह के वक्त बस स्टैंड पर मंगवाए गए सामान की बसों से लोडिंग-अनलोडिंग होते देखा जा सकता है। यह खेल लंबे समय से चल रहा हैं, लेकिन न तो जीएसटी विभाग कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही आरटीओ विभाग इस मामले में कोई संज्ञान ले रहा हैं। व्यापारियों ने यात्री बसों को गुड्स वाहन बना दिया गया है।

#### कार्रवाई की जाती है

यातायात विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। पूर्व में भी हमारे द्वारा बसों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। यदि बसों में यात्री सामान के अलावा अन्य कोई गुड्स आता हैं तो शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

-**गजेंद्र केन**, यातायात प्रभारी बैतूल

बसों की फिटनेस, परमिट आदि की जांच आरटीओ द्वारा की जाती है। जो बसों में बिना जीएसटी के सामान आ रहा हैं, उसकी जांच तो जीएसटी विभाग को करना चाहिए। सामान की जांच करना हमारा काम नहीं है।

-**अनुराग शुक्ला**, आरटीओ बैतूल

### प्रखंड बैठक में बनी कार्ययोजना

## हिंदू समाज की रक्षा व संगठन ही परिषद का उद्देश्य



**भौंरा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मध्य भारत प्रांत जिला बैतूल प्रखंड शाहपुर के तत्वावधान में नगर के माँ बिजासन मंदिर परिसर में संगठन का 61वां स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद की स्थापना, उद्देश्य और समाज में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उद्बोधन में बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना वर्ष 1964 में मुंबई स्थित सांदीपनि आश्रम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी, स्वामी चिन्मयानंद तथा अनेक साधु-संतों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में की गई थी। परिषद की स्थापना का उद्देश्य हिंदू समाज की रक्षा, संरक्षण और संगठन के साथ ही हिंदू धर्म के महान मूल्यों के संवर्धन और संरक्षण के लिए कार्य करना रहा है। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्याम राठौर ने बौद्धिक प्रस्तुत करते हुए परिषद की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और आज के समय में संगठन की प्रासंगिकता पर विचार रखे। इस अवसर पर जिले के सेवा प्रमुख शुभम चौरे, बजरंग दल के पवन यादव, भौंरा खंड मंत्री विशाल मालवीय, खंड अध्यक्ष सहित शाहपुर से पवन मालवीय, प्रखंड मंत्री ऋतिक प्रजापति तथा बजरंग दल संयोजक प्रदीप यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थापना दिवस अवसर पर प्रखंड बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें शाहपुर प्रखंड के दसों करों की कार्ययोजना तैयार की गई और प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में प्रखंड एवं खंड स्तर के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया और संगठन की भावी योजनाओं पर चर्चा की। इस मौके पर शिवम चोरे ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित रखना, उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना है।

### कल भक्त शुरू करेंगे सलकनपुर के लिए पदयात्रा



**शाहपुर।** नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम सिलपटी के माता रानी के भव्य मंदिर से लगभग 175 भक्तों का दल 19 अगस्त मंगलवार को सुबह 8 बजे माता रानी के मंदिर से बिजासन धाम सलकनपुर के लिए यात्रा आरंभ करेगा। यह यात्रा विश्व शांति, कृषि क्षेत्र में उन्नति और युवाओं को सनातन धर्म की तरफ, संस्कृति को बढ़ाना और सभी के अच्छे जीवन की कामना एवं पर्यावरण और प्रकृति के लिए की जा रही है। बताया जा रहा है कि जय माता दी पदयात्रा दल ग्राम सिलपटी के भक्तों का यह 20वा वर्ष है और 22 अगस्त शुक्रवार को माता रानी के धाम सलकनपुर में रात्रि में भजन कीर्तन एवं जागरण कर 23 अगस्त शनिवार को पूजा अर्चना के पश्चात माता रानी की ध्वजा को समर्पित करेगी। पदयात्रा दल के भक्त राम अवतार वर्मा ने बताया कि यह यात्रा ग्राम सिलपटी से प्रारंभ होकर नगर शाहपुर से होते हुए ग्राम भौरा, सुकतवा , केसला, इटारसी, नर्मदापुरम, बुधनी, पीली करार, बाया होते हुए माता रानी के धाम सलकनपुर पहुंचेगी।

## स्कूल के निर्माण होने से राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए पर्याप्त जगह हुई खत्म

### विजय भवन प्रांगण में पड़ रही आयोजन में जगह की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/शाहपुर

नगर के हाईस्कूल मैदान पर सांदीपनि स्कूल का निर्माण होने से राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन में परेशानी हो रही है। नगर के एकमात्र हाईस्कूल के मैदान का उपयोग राष्ट्रीय कार्यक्रम 15 अगस्त, 26 जनवरी का मुख्य समारोह, मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह, आमतौर पर खेल, खेल-कूद, समारोह और नेताओं की सभा, हेलीपेड, चुनावों सहित, अन्य बाहरी गतिविधियों के लिए किया जाता था, जो यहां मंच सहित राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्थान था। इस उपयोगी मैदान पर अब सांदीपनि स्कूल का स्कूल भवन के निर्माण जोरशोर से किया जा रहा है।

हाईस्कूल मैदान पर स्कूल भवन के निर्माण कार्य प्रारंभ होने से अब नगर में इन गतिविधियों के लिए कोई बड़ी जगह नहीं बची। जिससे कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन या अन्य भव्य आयोजन हो सके। मजबूरन विजय भवन के सामने छोटे से प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व के मुख्य कार्यक्रम करवाए जा रहे है। जिस जगह राष्ट्रीय और सामाजिक आयोजन हो रहे है। यह जगह ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य कार्यक्रम कराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। दर्जनों की संख्या में ब्लॉक मुख्यालय पर सरकारी स्कूल हैं। अगर पूरे सरकारी स्कूल के बच्चे कार्यक्रम में पहुंच जाएं तो जगह छोटी पड जायेगी। कुल मिलाकर नगर का एक मात्र मैदान नेताओं की आपसी गुटबाजी का शिकार होकर रह गया। हाईस्कूल के मैदान का उपयोग



स्कूल भवन के निर्माण के लिए किया जा रहा हैं, वही छात्रों और समुदाय को इन महत्वपूर्ण अवसरों से वंचित होना पड़ रहा हैं। हाईस्कूल के मैदान पर स्कूल भवन का निर्माण राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन और छात्रों और समुदाय के लिए अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। नगर के ऐतिहासिक हाईस्कूल मैदान के अस्तित्व को समाप्त करने की कोशिश पूरी हो गई है। मैदान में सांदीपनि स्कूल भवन निर्माण शुरू कर दिया गया है। निर्माण को लेकर नींव भी खोद दी गई है। मैदान के अस्तित्व पर संकट आने से वहां खेलने वाले खिलाडियों के अलावा मॉर्निंग वाक करने वाले लोग व खेल प्रेमी चयनित जगह का विरोध कर रहे थे। हाईस्कूल का मैदान नगर के युवाओं के लिए स्टेडियम से कम नहीं था। हर दिन सैकड़ों लोग फुटबाल, क्रिकेट, कबड्डी खेलने और मॉर्निंग वाक करने के लिए यहां आते थे। वर्षों से युवक यहां खेलने और बुजुर्ग मॉर्निंग वाक करने आ रहे थे। इसी मैदान में कई राज्य स्तरीय व अंतरराज्यीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो चुकी हैं।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



ग्राम रावनवाड़ी और राठीपुर के बीच पुलिया पर हुए जानलेवा हमले के आरोपी रमेश मालवीय को पुलि सने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 11 अगस्त रात्रि करीब 8.45 बजे फरियादी रमेश निर्मले (47 वर्ष), निवासी ग्राम भैंसदेही को उनके चचेरे भाई रामा निर्मले ने फोन पर सूचना दी कि परसराम को किसी ने चाकू मार दिया है। फरियादी मौके पर पहुंचे, जहां परसराम घायल अवस्था में जमीन पर पड़े थे, और वहीं पास में आरोपी रमेश मालवीय की बाइक भी खड़ी थी। परसराम ने बताया कि पैसों के लेन-देन के विवाद के चलते रमेश मालवीय ने उन पर जान से मारने की नीयत से चाकू से पेट, नाक और बाएं हाथ पर वार किए। घायल परसराम को तुरंत जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया, जहां फरियादी रमेश निर्मले के रिपोर्ट करने पर आरोपी रमेश उर्फ रिन्नू मालवी निवासी ग्राम भैंसदेही थाना गंज के विरुद्ध धारा 109 बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। थाना गंज पुलिस ने आरोपी रमेश मालवीय (43 वर्ष), पिता दिनदयाल मालवीय, निवासी ग्राम भैंसदेही को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का चाकू भी बरामद किया गया है। बाद आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नीरज पाल, सहायक उपनिरीक्षक राममूरत वर्मा, आरक्षक शिवशंकर देवड़ा, अनिरुद्ध , नवीन, दीपक की सराहनीय भूमिका रही।

## भौंरा पीएनबी शाखा में स्वतंत्रता दिवस पर नहीं किया गया ध्वजारोहण

### 46 साल पुरानी परंपरा तोड़ी, नगरवासियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की भौंरा शाखा में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण न होने से नगरवासियों में गहरा आक्रोश है। पिछले 46 वर्षों से यहां हर 15 अगस्त और 26 जनवरी को ध्वजारोहण किया जाता रहा है, लेकिन इस बार शाखा प्रबंधक दीपक कोटिया, जिन्हें मात्र चार माह पूर्व प्रभार सौंपा गया था, ने न तो कार्यक्रम आयोजित किया और न ही कार्यालय खोला। सुबह से ही बैंक का ताला बंद देखकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी फैल गई। दोपहर करीब 12 बजे ग्राम पंचायत भौंरा की सरपंच मीरा धुर्वे, जनपद सदस्य सुधीर नायक, मंडल उपाध्यक्ष जय किशोर मिश्रा, राजेंद्र कावडक़र, राजेश बरगले, सीरीज जायसवाल और अनेक ग्रामीण बैंक पहुंचे। वहां बैंक के बाहर ताला लटका मिला। मौके पर सभी की मौजूदगी में पंचनामा तैयार किया गया और ग्राम पंचायत के लेटरपैड




पर जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत भेजी गई, जिसमें शाखा प्रबंधक पर तत्काल विभागीय कार्रवाई की मांग की गई है। नगर के वरिष्ठ व्यापारी अशोक दुबे ने कहा, बैंक स्थापना के बाद से यह पहली बार है कि स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण नहीं हुआ। यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव और जनभावना का प्रतीक है। इसका उल्लंघन अस्वीकार्य है।

#### शिकायत की है

स्वतंत्रता दिवस देश के हर नागरिक के लिए गर्व का दिन है। 46 वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोडना केवल लापरवाही नहीं, यह राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के साथ खिलवाड़ है। ग्राम पंचायत की ओर से हमने इस घटना की शिकायत जिला कलेक्टर से की है और मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारी पर तुरंत कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसी चूक दोबारा न हो।

- मीरा धुर्वे,
सरपंच, ग्राम पंचायत भौंरा

### ब्रह्माकुमारीज़ ने जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

**बैतूल।** ब्रह्माकुमारीज़ भाग्यविधाता भवन में जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया। जहां श्री कृष्ण की लीलाओं को झांकी और नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इनमें श्री कृष्ण गोकुल ग्राम की झांकी, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नाटिका, श्री कृष्ण बाल लीला, श्री राधा-कृष्ण झांकी, श्री कृष्ण का गोवर्धन पर्वत उठाना, कालिया नाग मर्दन तथा माखन चोर नाटिका प्रस्तुत की गईं। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया और ऐसा लगा जैसे सतयुगी स्वर्णिम दुनिया सजीव हो उठी हो। इस अवसर पर स्थानीय सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दादाजी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें निष्काम सेवा, सच्चा प्रेम और नैतिक मूल्यों का संदेश देता है। गीता का सार है। परिस्थितियां कैसी भी हों, हमें सदा कर्तव्यनिष्ठ और ईश्वरीय मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। सारणी सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने कहा कि श्री कृष्ण के गुणों को जीवन में धारण कर श्रेष्ठ जीवन का निर्माण करना यही सच्चे अर्थो में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाना है।

### स्वतंत्रता दिवस पर जगह-जगह किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# अंबेडकर कॉलेज में आजादी का मनाया गया जश्न



**बैतूल।** भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में लोकतंत्र के राष्ट्रीय महापर्व के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्रीराम शिक्षा परिषद के अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल द्वारा कालेज के भव्य भवनों के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस समारोह में महाविद्यालय के संचालक इंजीनियर धुरव प्रकाश अग्रवाल, इंजीनियर सर्वेश अग्रवाल तथा प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं बी.एड. स्कालर्स की उपस्थिति में प्राचार्य डॉ.जी.डी. देशमुख द्वारा सर्व प्रथम संस्थापक स्व. डॉ. मंगल प्रसाद अग्रवाल को स्मरण किया और उनके व्यक्तिव चरित्र एवं कृतज्ञ पर प्रकाश डालते हुए उनके संदेश हर मतदाता भाग्य विधाता अपने मतदान का प्रयोग जरूर करें, को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। भारत के स्वतंत्रता को मजबूत बनाये रखने के लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक को अपने कर्तव्यों को इमानदारी, निष्ठापूर्वक पूरा करने का आग्रह किया है। वरिष्ठ व्याख्याता सुनील वर्मा सर द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए 15 अगस्त के ऐतिहासिक दिवस पर स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बताया।

### *श्री राम फार्मेसी कॉलेज जामठी में मनाया स्वतंत्रता दिवस*



*बैतूल। श्री राम फार्मेसी कालेज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल व ध्रुव प्रकाश अग्रवाल द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती अंजना अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर व सभी स्टाफ एवं विद्यार्थीयो की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। छात्र-छात्राओं, यशवी डिगरसे, वेद डिगरसे, कुमुद आवठे, मानवी राठौर के द्वारा देश भक्ति गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सैनानियो के बलिदान एवं उनके विचारो को प्रस्तुत किया। साथ ही स्व. डॉ. मंगल प्रसाद अग्रवाल के विचारो का स्मरण किया गया।*

### नगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



*भौंरा। देश की आज़ादी का 79वां स्वतंत्रता दिवस नगर में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सुबह विभिन्न शालाओं से बच्चों की प्रभात फेरी नगर का भ्रमण करते हुए पंचायत भवन पहुंची, जहां पर विधायक गंगा सज्जनसिंह उईके ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें समस्त शालाओं के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और कविताओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशेष रूप से सेना से सेवा पूर्ण कर लौटे जवान रामभरोस कासदे भी शामिल हुए, जिनका पंचायत द्वारा शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। नगर के विभिन्न संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। वन विभाग में परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी नीरज खरे, कृषि साख सेवा सहकारी समिति में प्रबंधक सुनील पवार एवं विधायक उईके, शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस.के. कटारे, शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य एस.एन. बारसे तथा शासकीय हाई स्कूल सलीमेट में प्राचार्य प्राणनाथ तिवारी ने ध्वजारोहण किया।नगरभर में दिनभर वातावरण देशभक्ति से सराबोर रहा। तिरंगे की शान में आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया।*

**// नाम परिवर्तन सूचना //**

मैं मोहम्मद हनीफ पिता हारूण पटेल, उम्र 50 वर्ष निवासी बड़े बाजार के पास, पटेल वार्ड मुलताई का निवासी हूं। मेरी पुत्री अशफिया पटेल (Ashfiya Patel) द्वारा कक्षा बारहवी की परीक्षा न्यू कार्मल कान्वेट स्कूल मुलताई से तथा कक्षा दसवीं की परीक्षा ड्रीम्स पब्लिक स्कूल मुलताई से दी थी जहां मेरी पुत्री का परीक्षा परिणाम उत्तीर्ण रहा है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात विद्यालय से कक्षा बारहवी एवं कक्षा दसवी से स्थानांतरण प्रमाण पत्र व अंकसूचियां प्राप्त हुई थी, जिसमें भूलवश मेरी पुत्री का घरेलू नाम परी पटेल पिता हनीफपटेल एवं माता का नाम जासमीन पटेल दर्ज होकर चला आ रहा है, जबकि पुत्री का सहीं एवं वास्तविक नाम अशफिया पटेल (Ashfiya Patel) पिता मोहम्मद हनीफ (Mohammad Hanif) एवं माता का सहीं नाम यासमीन बानो (Yasamin Bano) है जो कि आधार कार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज व अंकित है। यह कि मैं, मेरी पुत्री की कक्षा बारहवीं एवं कक्षा दसवीं की अंकसूचियों एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं शालेय दस्तावेजों में दर्ज वर्तमान नाम परी पटेल पिता का नाम हनीफपटेल एवं माता का नाम जासमीन पटेल के स्थान पर सही एवं वास्तविक नाम अशफिया पटेल (Ashfiya Patel) पिता का सही नाम मोहम्मद हनीफ (Mohammad Hanif) एवं माता का सही नाम यासमीन बानो (Yasamin Bano) दर्ज व अंकित कराना चाहता हूं जो कि सही सत्य एवं वास्तविक है, जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**मोहम्मद हनीफ पिता हारूण पटेल निवासी बड़े बाजार के पास, पटेल वार्ड मुलताई, जिला बैतूल**

## अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



**सेमरी हरचंद।** माखन नगर रोड के लव कुश मंदिर में कुशवाहा समाज संगठन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम अनुसार 16 अगस्त से जारी रामचरितमानस के अखंडपाठ के साथ श्री शिव शक्ति रामायण मंडल एवं श्री महावीर पारायण मंडल द्वारा पहले रामचरितमानस का अखंड पाठ होगा तदुपरांत 17 अगस्त को हवन आरती पश्चात भंडारा पसादी कर रामायण एवं पारायण मंडल की शांति होगी।

## भाजपा ने ठाकरे व अटलजी को याद किया

**इटारसी।** भाजपा नगर मंडल इटारसी के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने दोनों महान विभूतियों के जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नगर महामंत्री शैलेंद्र दुबे, सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष उपनिषद दुबे आदि मौजूद रहे।

### हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, जगह-जगह हुए ध्वजारोहण

# सामूहिक आयोजन में ध्वजारोहण उपरांत पहुंची मेजबान एसडीएम

**स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया।**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। नए बस स्टैंड पर आयोजित सामूहिक आयोजन में नपाध्यक्ष लता पटेल की उपस्थिति में जपं अध्यक्ष जालम सिंह ने ध्वजारोहण किया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सामूहिक आयोजन के पहले नप कार्यालय में नपाध्यक्ष लता पटेल ने ध्वजारोहण किया। सेंट पैट्रिक स्कूल में प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, सरस्वती शिशु मंदिर में आरवी जायसवाल, पं. जेएलएन स्मृति कॉलेज सोहागपुर में कन्नूलाल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। एसटीआर एडी अंकित जामोद, रेंजरद्वय राहुल उपाध्याय व सुमित पांडे, एसएडीओ एसके बर्डे, टीआई ऊषा मरावी ने अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। क्षेत्रवासियों को भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, युमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, प्रवीण साहू समाजसेवी, डॉ. ज़ोएब अली, शरद दुबे शोभापुर, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, नीरज रघुवंशी, सौरभ संतोष सोनी, डॉ. तुषार अग्रवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, ऋषभ दीक्षित, प्रमोद रघुवंशी, पटवारी विक्रम परते व नागेश निवारिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, सरपंचों बड़ीबाई, सुरेश कुशवाहा, खुशबू रघुवंशी, अशोक ब्रह्मवंशी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

### मेहमान समय पर, मेजबान लेटलतीफ

नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया। लेकिन मेजबान एसडीएम प्रियंका भल्लावी सात मिनट बाद पहुंचीं। मीडिया द्वारा सवाल पर उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय में ध्वजारोहण कर वे सेमरी मंडी में बतौर भारसाधक अधिकारी ध्वजारोहण करने के लिए गईं। तथा अत्यधिक ट्रैफिक के कारण वे समय पर सामूहिक आयोजन स्थल नहीं पहुंच सकीं। भल्लावी ने अतिथियों के समक्ष खेद भी व्यक्त किया। नागरिकों के अनुसार भल्लावी मैडम से पहले के मेजबान एसडीएम सेमरी मंडी व अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए भी सामूहिक आयोजन स्थल तक समय पर पहुंच जाते थे। जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस के सरकारी कार्यक्रम में मेजबान की देर से आमद पर नाखुशी व्यक्त की है।

# शिकायत के 4 दिन बाद भी नहीं हुई मूंग खरीदी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल ने 4 दिन पूर्व विधायक ठाकुरदास नागवंशी सांसद दर्शन सिंह चौधरी अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव अनुविभागीय अधिकारी क्रषि विभाग कलेक्टर कार्यालय एवं संबंधित अधिकारियों को चार दिन पूर्व सेवा सहकारी समिति सांडिया के दारा इंद्रेश वेयरहाउस में मूंग कीखरीदी की गई थी। जिसमें जनपद पंचायत उपाध्यक्ष की मूंग वापस कराई गई है। खरीदी नहीं ना तुलाई हुई है।

इस बात को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को शिकायत की थीलेकिन आज 5 दिन बाद भी अधिकारियों के द्वारा आवेदन पर कोई विचार नहीं किया गया ना कोई जांच की गई। शासनके नियमकेखरीदी के बाद वेयरहाउस में ताला लग जाता है। पर गत गुरूवार को पाया गया वेयरहाउस खुला था।इस तरह से अधिकारी वर्ग की मिली भगत से ही ऐसा किया गया है। जबकि सर्वेयर १०००रूपे पर कुंतल ले रहाथा। उसके बाद खरीदीकी जा रही थी। उनसे भी पैसेकी मांग कीथी।पर नहीं दिया गया तो इंद्रेश भैरव की संचालक धर्मेंद्र पटेल केद्वारा सरवेयर के नाम पर मुंह वापस कर दी गई। किसानका पंजीयन भी समाप्तहो गया स्लाइड कीबुक की तारीख भीनिकल गई और मूंग की खरीदी नहीं होपाई है। अब जनपद उपाध्यक्ष का कहना है यदि सोमवार तक अधिकारियों के द्वारा निर्णय नहीं किया गया तो वह जनपद अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे तथा इंद्रेश वेयरहाउस की एक-एक बोरी की जांच कराएंगे उसमें जो भी खर्च होगा वह भुगतान करेंगे। इस बारे में अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने उच्च अधिकारियोंको शिकायत भेजी थी है। वरिष्ठ कृषिविकास अधिकारीनिररली आर्य का कहना है शिकायत अनुविभागीय अधिकारी को की है जैसे निर्देश अनुसार काम करेंगे।

## विभिन्न संगठनों ने की भारत माता की आरती

**इटारसी।** राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की समस्त पदाधिकारियों, विश्व हिंदू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्तियो की समस्त पदाधिकारी बहनों एवं सदस्यों ने मिलकर भारत माता चौराहा पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मां भारत माता की महाआरती की। साथ ही देशभक्ति के गीत गाकर समस्त मातृशक्ति ने एकता और अखंडता का परिचय दिया। इस तरह स्वतंत्रता दिवस को मनाया एवं सनातनी धर्म के समस्त त्योहारों को इसी तरह अपने छोटे-छोटे प्रयासों से विश्व हिंदी परिषद की मातृ शक्ति एवं राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की मातृशक्ति हिंदुत्व को जागरूक करने का प्रयास करती आ रही है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री कृष्ण जन्मोत्सव माखन नगर में यादव यदुवंशी समाज के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें माखन नगर एवं इसके आसपास के गांव गांव से लोग हजारों की संख्या में आकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यदुवंशियों द्वारा अपने-अपने ट्रैक्टर ट्रालियों में भगवान के अनेकों रूपों की झांकी बनाई गई एवं इस शोभायात्रा में सबसे आकर्षण का केंद्र भारत माता की झांकी रहीऔर इस विशाल शोभायात्रा में जगह-जगह पर कई संस्थाओं संगठनों द्वारा स्वल्पाहार एवं जलपान और पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया शोभा



यात्रा में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह पटेल सहित अन्य लोग शामिल हुए सांप्रदायिक सोहद्र का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने यदुवंशियों को गले में राधे राधे का दुपट्टा डालकर एवं भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया इस शोभा यात्रा में सर्व समाज के लोग शामिल हुए समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ ने शोभायात्रा में कृष्ण जन्मोत्सव पर ढोल नगाड़े डीजे की थप पर नाच कर झूमते हुए उत्साहित दिखाई दे रहे थे।

# शासकीय स्कूलों में बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

शासनके आदेश अनुसार सभी शासकीय विद्यालयों में जन्म अष्टमी की त्योहार मनाया गया। संदीपनी विद्यालयमे में प्राचार्य संजीव दुबे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केप्राचार्य अरविंद रघुवंशी विनय मोहन शर्मा प्राचार्य साडियां बीआरसी प्रदीप शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी के द्वारा सभी सरकारी स्कूलोंमें में भगवान कृष्ण का जन्मदिन मनाया गया। संदीपनी विद्यालयमे में मनाया गया। तथा वल्लभ सुखदायक मंदिर में २ दिवसीय जन्माष्टमी के कार्यक्रम को मनाया गया। पहले



दिनधवाजारोहणकर शोभायात्रा निकाली गई जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया। सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना किया गया। रविवार को नंद महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। पहले ही दिन पंचाम्रत दर्शन सहित अन्य सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

समीपस्थ ग्राम बाहरपुर के सरस्वती शिशु मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बड़े हर्ष उल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया जिसमें दीप प्रज्वलन पश्चात कार्यक्रम काशुभारंभ किया गयाश्री कृष्ण जन्मोत्सवके उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम किए गए भगवानश्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए गए।

भगवान श्री कृष्णा की आकर्षकझांकियां सजाई गई एवं एभग्रा मटकीफोड प्रतियोगिता का आयोजन कियाा गया एवं भजन मंडल बाहरपुर द्वारा भगवानके सुंदर



भजनों की सुंदर प्ररस्तुति पश्चात प्रसादी वितरण उपरांत कार्यक्रम संपन्नन हुआ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि नव ग्राम भारतीी के जिला प्रमुख महेंद्र प्रताप सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, , अनिमेश तिवारी, पूर्व सरपंच लच्छीरा कुशवाह, नीरज दीक्षित, कोमल सिंह चौधरी हरिओम कशवाहा एवं ग्राम के सरपंच श्री मति ममता कुशवाहा जी विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य दीदी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व, सजाई झांकियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रूप में एसडीएम प्रियंका भल्लावी व विशिष्ट अतिथि रूप में नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल, समाजसेवी कैलाश यादव तथा अधिवक्ता देवांशु शर्मा उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय जीवन दुबे ने कराया तथा सभी का स्वागत प्रदीप देवलिया एवं संजय बानवंशी ने किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने उद्बोधन में सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी एवं जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी के उद्‌घोष लगवाए। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिरों में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। इसके पश्चात श्री कृष्ण स्वरूपों ने मटकी फोड़ स्पर्धा में सहभागिता की। विद्यालय में सज्जित श्री कृष्ण स्वरूपों की झांकियों का अतिथियों व अभिभावकों ने अवलोकन किया। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा पालीवाल, उपाध्यक्ष राजाभैया पटेल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सौरभ सोनी, लज्जा सिंगारे, विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार दुबे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष राजा भैया पटेल ने किया।

# गुड्डन पांडेय की पुनः कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर हुई ताजपोशी

### भाजपा-कांग्रेस दोनों की कमान ब्राह्मण हाथों में, अब बदलेंगे चुनावी समीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

मप्र कांग्रेस ने शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बहुप्रतीक्षित सूची कर दी। इटारसी निवासी कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ता, कद्दावर नेता, जनता के बीच लोकप्रिय शिवाकांत गुड्डन पांडेय के सिर पुनः जिलाध्यक्ष की ताजपोशी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि पहली बार जब श्री पांडेय जिला अध्यक्ष पद पर काबिज हुये थे, उसके बाद से जिले काग्रेसियों में एक जोश दिखाई देने लगा था। उन्होंने स्वयं जिले के हर गांव और हर शहर में पहुंचकर रूठे काग्रेसियों से संपर्क साधकर उन्हें वापस कांग्रेस में नई ऊर्जा के साथ जोड़ा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ का आशीर्वाद एवं युवाओं के दिलों में जगह श्री पांडेय को प्राप्त हुई है। संभवतः इन्हीं बातों का ध्यान रखते हुए कांग्रेस ने दोबारा जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय को नियुक्त किया है।

नियुक्ति के बाद हरिभूमि से बात करते हुए शिवाकांत पांडेय ने कहा कि सभी कांग्रेसियों को साथ लेकर आगामी नगरपालिका, नगर परिसर, ग्राम पंचायत, विधानसभा ओर लोकसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ काम करेंगे। क्योंकि कांग्रेस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष को पार्षद चुनाव में टिकिट बाटने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। सबका साथ लेकर हम जिले में अच्छी मज़बूत कांग्रेस को आगामी दिनों में खड़ा करेंगे।



### कांग्रेस और भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे पर जताया भरोसा

जिले की राजनीति में इस समय जातीय समीकरणों को लेकर नई हलचल देखी जा रही है। कांग्रेस और भाजपा - दोनों ही दलों ने अपने जिला नेतृत्व की बागडोर ब्राह्मण नेताओं को सौंपकर बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। जहां भाजपा ने प्रीति शुक्ला तो कांग्रेस में शिवाकांत पांडेय को जिलाध्यक्ष बनाकर ब्राह्मण वर्सेज ब्राह्मण कर दिया है। दोनों राजनीतिक दलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले चुनावों में ब्राह्मण मतदाताओं को साधना दोनों दलों की प्राथमिकता होगी।

कांग्रेस ने गुड्डन पांडे को जिला अध्यक्ष बनाकर संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ जातीय समीकरणों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। पांडेय लंबे समय से पार्टी में सक्रिय और जमीनी नेता माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन के साथ-साथ ब्राह्मण समाज की भागीदारी बढ़ाने के तौर पर देखा जा रहा है।

### कार्यकारिणी पर टिकी निगाहें

अब जिले की राजनीति में सबकी निगाहें दोनों दलों की कार्यकारिणी पर टिकी हैं। भाजपा ने नगर मंडलों में पहले ही कई स्थानों पर कुर्मी समाज के नेताओं को अध्यक्ष बनाकर जातीय संतुलन साधने की कोशिश की है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ज़िला कार्यकारिणी में राजपूत समाज को भी अहम पद मिल सकते हैं, ताकि हर वर्ग को संतुलित प्रतिनिधित्व दिया जा सके। वहीं कांग्रेस से भी यही उम्मीद की जा रही है कि गुड्डन पांडेय अपनी कार्यकारिणी में किस तरह से समाजों को तवज्जो देते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस किन-किन चेहरों को और किस तरह से तेज़ी से ज़िम्मेदारी देकर संगठन को धार देती है।

### नियुक्ति से राजनीतिक संदेश

विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जिला अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण नेताओं की नियुक्ति कर साफ संदेश दिया है कि अब जिले की राजनीति केवल कुर्मी और राजपूत वर्चस्व तक सीमित नहीं रहेगी। ब्राह्मण समाज को भी निर्णायक भूमिका देने की तैयारी है।

### आगे का परिदृश्य

आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों दलों की यह रणनीति किस हद तक सफल होती है। ज़िले में ब्राह्मण नेतृत्व को मिली नई भूमिका और कार्यकारिणियों की संरचना चुनावी समीकरणों को किस तरह प्रभावित करती है, इस पर सबकी नज़रें टिकी रहेंगी।

## ट्रैक्टर पर तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम पर पुलिस ने की कार्रवाई



**इटारसी।** पुलिस ने शहर में तेज आवाज से साउंड सिस्टम बजा रहे ट्रैक्टर पर कार्रवाई की। थाने की टीम ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ चालान बनाया और वहां लगे साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया। पुलिस की इस सख्ती से शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे कदम से अनावश्यक शोर गुल पर प्रभावी रोक लगेगी और आम जनता को राहत मिलेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक साउंड सिस्टम का उपयोग न करें।












शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्माष्टमी का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार शाम को हिन्दू उत्सव समिति ने पालकी यात्रा निकाली। शहर के सभी प्रमुख मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने पत्नी और बच्चों के साथ प्राचीन सत्यनारायण मंदिर में दर्शन कर लड्डू गोपाल को झूला झुलाया। प्रताप टॉकीज चौक स्थित पंढरीनाथ मंदिर में रामसत्ता का आयोजन किया गया। घंटाघर चौक के पास स्थित प्राचीन मदन मोहन मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। बड़े मंदिर में भगवान के बाल रूप को सजाया गया और मंदिर को फूलों से सजाया गया। सभी मंदिरों में रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। शाम को बायपास रोड के केसरीनंदन हनुमान मंदिर से पालकी यात्रा शुरू हुई। समिति सदस्य सुभाष शर्मा के अनुसार, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और भगवान की लीलाओं को बताने के लिए हर वर्ष यह यात्रा निकाली जाती है। यात्रा में सजी-धजी पालकी में विराजमान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मार्ग में भक्तों ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चलते रहे।

ग्राम कमताड़ा में नशामुक्ति के लिए एकजुट हुए ग्रामीण

# नशामुक्त गांव बनाने का प्रस्ताव पारित किया




हरदा।

जिले के ग्राम कमताड़ा में ग्रामीण नशामुक्ति के लिए एकजुट हुए हैं। 15 अगस्त को आयोजित ग्राम सभा में ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने का प्रस्ताव पारित किया। कृष्ण जन्माष्टमी पर जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में अवैध शराब की बिक्री से युवाओं में नशे की लत बढ़ रही है। महिलाओं ने बताया कि कुछ लोग गांव में अवैध शराब बना कर बेच रहे हैं। इससे न केवल गांव का माहौल खराब हो रहा है, बल्कि युवक और बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। महिलाओं का कहना है कि उनके परिवार के सदस्य शराब पीकर मारपीट करते हैं। उन्होंने निर्णय लिया है कि अब नशे में घर आने वालों के लिए दरवाजा नहीं खोला जाएगा। ग्रामीणों ने शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई में अवैध शराब बिक्री की शिकायत करेंगे। इस पहल से गांव के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री उइके रु ब रु हुए

# जनता दरबार में मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भाजपा कार्यालय में रविवार दोपहर क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास (डीडी) उइके ने जनता दरबार लगाया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। जनसंवाद में सबसे ज्यादा शिकायतें पानी, बिजली और सड़क से जुड़ी सामने आईं। केंद्रीय मंत्री उइके ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हर रविवार को वे लोकसभा क्षेत्र में आकर जनता से संवाद करते हैं। भाजपा संगठन ने भी सभी जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि वे सप्ताह में एक दिन अपने-अपने क्षेत्रों में जनता से मिलकर समस्याएं सुनें और उनका समाधान कराएं। केंद्रीय मंत्री उइके ने कहा कि हर मंडल क्षेत्र की समस्याओं को जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा के साथ मिलकर सुना जा रहा है और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

# नर्मदा नदी में मिले दो शव, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

रविवार को हंडिया थाना क्षेत्र के कामाख्या मंदिर के पास नर्मदा नदी में दो शव मिले। एक शव 50 साल के व्यक्ति का है, जिसके गले में तुलसी की माला, जनेऊ और लंगोट पहना हुआ था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कोई साधु था। दूसरा शव 10 साल के बच्चे का है, जो पानी की पाइप लाइन में फंसा मिला। बच्चे के शरीर पर कोई कपड़े नहीं थे। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। दोनों शवों को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। हंडिया पुलिस आसपास के इलाकों और जिले के थाना क्षेत्रों में दोनों मृतकों की पहचान के लिए जानकारी जुटा रही है। शवों की स्थिति से अनुमान है कि वे तीन से चार दिन पुराने हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दिवेश मौर्य पिता श्री सुभाष चंद्र मौर्य वार्ड नं. 22 पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड, मुख्य मार्ग हरदा, जिला- हरदा का निवासी हूं। मेरी अंकसूची में मेरा नाम दिवेश सुभाष चंद्र मौर्य पिता श्री सुभाष चंद्र मौर्य दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेज में मेरा नाम दिवेश मौर्य पिता श्री सुभाष चंद्र मौर्य दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। अतः मुझे मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम दिवेश मौर्य पिता श्री सुभाष चंद्र मौर्य के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**दिवेश मौर्य पिता श्री सुभाष चंद्र मौय, वार्ड नं. 22 पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड, मुख्य मार्ग हरदा, जिला- हरदा (म.प्र.)**

# यादव समाज ने धूमधाम से निकाली भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा



**भैरूदा।** जिले सहित शहरभर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर यादव( अहीर )समाज द्वारा भी भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा बैंड, बाजे, ढोल, साथ निकाली गई। इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।

चल समारोह में शामिल लोग खूब नाचते हुए आगे-आगे चल रहे थे। बड़ी संख्या में शामिल मातृशक्तिया ,युवाओं सहित नगरवासियों इस यात्रा में शामिल थे। इससे पहले यादव समाज संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या लोग भारती विद्या मन्दिर स्कूल में एकत्रित हुए। और श्री कृष्ण भगवान की पूजा - अर्चना कर आरती उतारी प्रसादी वितरण की।

भारती विद्या मन्दिर स्कूल से दोपहर 1बजे चल समारोह शुरू हुआ जो कि नगर के मुख्य मार्गो सीहोर नाका, रॉयल मार्केट जेपी मार्केट, दुर्गा मन्दिर चौक, बस स्टैंड से होते हुए कृषि संगोष्ठी भवन पहुंचा। इस दौरान नगरवासियों ने जगह जगह चल समारोह पर फूल बरसाकर स्वागत किया, वही भाजपा , कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने भी शोभायात्रा में शामिल लोगों पर फूलों की वर्षाकर स्वागत किया। कृषि संगोष्ठी भवन में कार्यक्रम समापन हुआ। इस दौरान महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण हुआ। वहीं शोभायात्रा में झाकियां प्रदर्शित करने पर उन्हें पुरुस्कार देकर सम्मान किया गया। इसमें समाज जन व नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

**हर्षोल्लास के साथ मनाया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव :** भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव जन्माष्टमी का त्योहार शनिवार को नगर सहित क्षेत्रवासिंयो ने बड़े ही धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। यादव समाज द्वारा भगवान कृष्ण का चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से ढोल धमाके एवं डीजे के साथ निकाला गया। चल समारोह के दौरा शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। चल समारोह मुख्य मार्गो से नगर भ्रमण करते हुए कृषि संगोष्ठी भवन पहुंचा। जहां भगवान कृष्ण की आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में यादव समाज संगठन के पदाधिकारी सहित गणमान्य नागरिक इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

## पूर्व पीएम अटलजी और कुशाभाऊ ठाकरे का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्त्रोत : जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शनिवार को भाजपा के पितृ पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि एवं संगठन निर्माता कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री प्रितेश राठौर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय, नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि,"अटल वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और आदर्श राजनीति का प्रतीक रहा है। उन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का साधन न मानकर सेवा का माध्यम बनाया। उनके नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर नई पहचान स्थापित की।



















